GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana134109(India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में

राज्य के सभी,
ज़िला शिक्षा अधिकारी,
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
खण्ड शिक्षा अधिकारी,
जिला परियोजना समन्वयक।

यादी क्रमांकः– KW 3/1-2016 ACD (1)
दिनांकः– 22.02.2021

विषयः– **Reopening of schools from 24.02.2021 for the students of 3rd to 5th in the context of COVID-19.**

*****

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि कोविड–19 की महामारी के चलते विद्यार्थियों की शिक्षा के महत्व एवं गम्भीरता को समझते हुए सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि अब कक्षा तीसरी से पांचवीं (3rd to 5th) के विद्यार्थियों के लिए 24 फरवरी, 2021 से प्रतिदिन 3 घन्टे प्रातः 10:00 बजे से 1:30 बजे के मध्य सरकारी तथा प्राइवेट विद्यालयों को पुनः आरम्भ कर दिया जाए। इसके तहत विद्यालय में आने से पूर्व विद्यार्थी द्वारा अपने माता–पिता/अभिभावकों की लिखित अनुमति विद्यालय मुखिया/कक्षा अध्यापक को देनी अनिवार्य होगी। ऐसे विद्यार्थी जो ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं उनके लिए ऑनलाइन सुविधा जारी रहेगी। ऐसे विद्यार्थियों को विद्यालय में उपस्थित होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा तथा न ही विद्यालय से उनका नाम काटा जाएगा।

विद्यालय में प्रवेश, ठहराव तथा पठन–पाठन के दौरान हरियाणा आपदा प्रबन्धन विभाग के पत्र क्रमांक DMC-SPO-2020/6017 दिनांक 15.09.2020 की अनुपालना में जारी स्वास्थ्य सम्बन्धी अन्य Protocol जैसे विद्यार्थियों व अध्यापकों के तापमान की दैनिक जाँच पूर्व की भांति जारी रहेगी तथा सामान्य से अधिक तापमान पाये जाने पर स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे सभी सम्बन्धित का डाटा सम्बन्धित विद्यालय दैनिक आधार पर विभाग द्वारा उपलब्ध करवाये गए मोबाइल एप्प पर भरा जाएगा तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये गए नोडल अधिकारी के साथ–साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उपायुक्त कार्यालय को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध करवाया जाएगा। पूरे विद्यालय परिसर को कक्षाओं के स्तर के अनुसार अलग–अलग विंग (सीनियर सैकेण्डरी, सैकेण्डरी, मिडल तथा प्राथमिक) में बांटा गया है। SOP के सभी नियमों का पालन करने के उपरान्त भी यदि कोई विद्यार्थी कोविड पॉजिटिव पाया जाता है तो विद्यालय मुखिया द्वारा विद्यालय प्रबन्धन समिति के सहयोग से उच्च अधिकारीगण के संज्ञान में लाकर उसकी कक्षा के पूरे विंग को दस दिन के लिए बन्द करने का निर्णय लिया जाएगा तथा विद्यालय परिसर को सैनेटाइज कर दिया जाएगा। यदि एक से अधिक विंग के विद्यार्थी पॉजिटिव आते है तो विद्यालय को दस दिन के लिए बन्द करने की यह प्रक्रिया पूरे विद्यालय के लिए अपनाई जाएगी।

हरियाणा आपदा प्रबन्धन विभाग के पत्र क्रमांक DMC-SPO-2020/11573 दिनांक 01.10.2020 की अनुपालना में जारी स्वास्थ्य सम्बन्धी अन्य Protocol जैसे – विद्यालयों को खोलने से पूर्व की सावधानियां, अनुपालना की आवश्यक कार्यवाही, साफ–सफाई, सेनिटेशन, टास्क/प्रबन्ध समूहों के गठन, बच्चों की कक्षा में/बाहर बैठने की योजना, विद्यालय में प्रवेश, निकास एवं ठहराव के दौरान के नियम, शौचालय उपयोग के लिए निर्देश, समय–सारणी तथा विभिन्न अन्य गतिविधियों के बारे में दिशा–निर्देश, सामाजिक दूरी की पालना के नियम, मास्क की अनिवार्यता, विद्यालयों में प्रार्थना एवं अन्य आयोजनों बारे दिशा–निर्देश, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अवकाश आदि बारे निर्देश, **सुरक्षित यातायात एवं विद्यालय पहुँच बारे निर्देश, सुरक्षित होस्टल** आदि के निर्देशों के साथ–साथ विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से

अपेक्षाओं की विस्तृत जानकारी साथ संलग्न है जिसकी समुचित अनुपालना प्रत्येक विद्यार्थी, विद्यालय के लिए अनिवार्य है।

अतः आपको आग्रह किया जाता है कि अपने क्षेत्राधिकार के सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में उपरोक्तानुसार अनुपालना सुनिश्चित करें।

नोटः– राज्य के सरकारी विद्यालयों में चल रही मध्याहन भोजन योजना के सन्दर्भ में स्पष्ट किया जाता है कि कोविड–19 त्रासदी के कारण Cooked Food के स्थान पर अपनाया गया सूखा राशन वितरण करने का कार्यक्रम, आगामी ओदश तक पूर्व की भांति जारी रहेगा। Cooked Food के सन्दर्भ में निर्णय विद्यालय प्रबन्धन समीतियों से चर्चा करने के उपरान्त लिया जाएगा।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः महानिदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक समः **दिनांक, पंचकूला 22.02.2021**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव, प्रधान सचिव, माननीय मुख्यमन्त्री हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. वरिष्ठ सचिव, माननीय शिक्षा मन्त्री, हरियाणा, चण्डीगढ़।
3. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन विभाग, हरियाणा।
4. वरिष्ठ सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हरियाणा।
5. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
6. चेयरमैन, हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग।
7. हरियाणा राज्य के सभी मण्डलायुक्त।
8. वरिष्ठ सचिव, महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, हरियाणा।
9. निजी सहायक, माननीय महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
10. निजी सचिव, माननीय निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
11. सहायक प्रबन्धक, माननीय राज्य परियोजना निदेशक, HSSPP, हरियाणा, पंचकूला।
12. निजी सचिव, हरियाणा राज्य के सभी उपायुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त।
13. सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी।
14. हरियाणा राज्य के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
15. निदेशक SCERT, हरियाणा, गुरूग्राम।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः महानिदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

Health Advisory

Dear Parent,

The concern regarding the Corona Virus is compelling.

Steps are also being initiated by the school to ensure healthy environment to the students.

-Parents are kindly requested to isolate their child for a minimum period of one week in case they or any member of their family has recently travelled abroad. They need to submit a clean chit of health of their ward from the physician at the end of that week to the school authorities, before the student rejoins.

- Parents are being refrained from sending children to school even if the student has mild flu symptoms.

- The children are being encouraged to strictly follow the handwashing ritual.

- The school staff has been requested to screen themselves for the symptoms regularly.

We seek your cooperation to ensure a safe environment for our students.

Regards,

Director-Principal

PRATAP PUBLIC SCHOOL
PANIPAT

Dear Students, 06.06.2020

The first quarter of the academic session is coming to a close and the much awaited summer vacation is about to start.

Obviously, unlike all the previous ones, this year's break will comparatively be a lacklustre one, owing to the global pandemic Covid-19. The usual mirth, enjoyment, outings etc. are going to be conspicuous by their absence. Nevertheless, we can still make the most of it by fruitfully utilizing every day of the vacation. You can 'indulge' yourself in creative writing, painting, designing, gardening, trying new recipes, making things etc. without venturing out of the safe home- environment. Besides, there are also some interesting holiday assignments specifically designed for you to punctuate your hobbies.

Remember, we are facing an unprecedented crisis in the name of Corona Virus. However, while every crisis poses a danger to the safety and well-being of people, it also presents an opportunity to reinvent ourselves, enhance our learning capabilities and strengthen our survival instincts. It changes our mindset, perception and outlook towards life, society and environment. The social media these days is replete with inspiring stories of how people are reaching out to the vulnerable section of the society to mitigate their sufferings. We owe a lot to the likes of film actor Sonu Sood who see crisis as an opportunity to serve mankind.

Hopefully we will be able to overcome the crisis by the end of June and our lives will limp back to normalcy.
When physical classes were made impossible, we embraced virtual classes in no time and I think it's going to be the new normal in the coming months. Therefore, all the branches of Pratap Public School have decided to use the Online Platform of G Suite for Education for holding virtual classes in future.

G Suite for Education provides student-friendly interface facilitating students to follow class activities, submit assignments and keep record of their class work and assignments from the safety of their homes.

For this, every student is being provided with a unique Email id and Password. Students are advised to change the password upon first login.
All students must download the Google Classroom App or can access classroom via link https://classroom.google.com. Hope with the experience of Google Classroom, the Online Classes will be far more enriching for students.

Looking forward to seeing you all on 1st July, 2020.

Enjoy your holidays vigorously and recharge your batteries to the fullest as the fun- filled school days await you.

Happy holidays! Stay Safe! God bless you all!

Yours sincerely,
Mrs Poonam Sharma
Principal

प्रताप पब्लिक स्कूल

पानीपत

प्यारे बच्चों,

इस शैक्षणिक सत्र का एक- चौथाई समय पूरा होने को है और अब आपकी गर्मी की छुट्टियाँ शुरू होने जा रही हैं। निस्संदेह, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष की छुट्टियों का उत्साह सर्वव्यापी महामारी कोरोनावायरस के कारण कम हो गया है।

इस वर्ष के अवकाश में आम तौर पर होने वाली प्रसन्नता, आमोद– प्रमोद, घूमना- फिरने इत्यादि का अभाव रहेगा। फिर भी इन छुट्टियों के प्रत्येक दिन का सही उपयोग करके आप इन्हें फलदायी बना सकते हैं। आप स्वयं को लेखन, पेण्टिंग, डिज़ाइनिंग, बागवानी, नए- नए पकवान बनाने जैसी रचनात्मक क्रियाओं में लिप्त रखकर इस चिंताजनक स्थिति से घर में सुरक्षित रहकर बच सकते हैं | आपके लिए विशेष रूप से रुचिप्रद असाइनमेंट भी तैयार किए गए हैं।

याद रखिए, हम अभी भी कोरोना वायरस नाम के संकट की स्थिति से जूझ रहे हैं। कोई भी संकट या आपदा जब भी आती है, वह मनुष्य की सुरक्षा पर रोक तो लगा देती है पर साथ में अपने आप में बदलाव लाने का अवसर भी प्रदान करती है। यह हमारी सीखने की योग्यता को बढ़ाती है और हमें स्वाभाविक मज़बूती प्रदान करती है। यह हमारी मानसिकता में परिवर्तन कर ज़िंदगी, समाज और पर्यावरण के प्रति हमारे नज़रिए में बदलाव कर देती है।

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहुत से लोगों की प्रेरणादायक कहानियों को भी सांझा किया जा रहा है जो इस महामारी की चपेट से बचकर बाहर निकलने में सफल हुए हैं।

हम फिल्म अभिनेता सोनू सूद के आभारी हैं जिन्होंने हमें संकट की स्थिति में भी मानवता की सेवा का पाठ पढ़ाया है।

आशा है कि हम जून माह के अंत तक इस संकट को दूर करने में सक्षम हो जाएंगे और हमारा जीवन वापस सामान्य स्थिति में आ जाएगा। जब शारीरिक रूप से कक्षाएँ असंभव हो गईं तो हमने कुछ ही समय में आभासी कक्षाओं को अपनाया। प्रताप पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं ने भविष्य में आभासी कक्षाएं रखने के लिए जी -सूट के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

यह प्लेटफार्म सभी छात्रों को घर पर सुरक्षित रहते हुए अपना कार्य करने, असाइनमेंट जमा करवाने और असाइनमेंट्स का रिकॉर्ड रखने की सुविधा प्रदान करेगा। इसके लिए प्रत्येक छात्र को एक विशिष्ट ई -मेल आई डी और पासवर्ड प्रदान किया जा रहा है। सभी छात्रों को गूगल कक्षा ऐप डाउनलोड करनी होगी या लिंक https://classroom.google.com. के माध्यम से कक्षा तक पहुंचा जा सकता है।

आशा है कि गूगल कक्षा के अनुभव के साथ छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएँ कहीं अधिक समृद्ध हो जाएँगी।

अपनी छुट्टियों का आनंद उठाइए, नए उत्साह और ऊर्जा से भर जाइए !

हम 1 जुलाई, 2020 को आप सभी से मिलने के लिए उत्सुक हैं !

घर पर रहें ! सुरक्षित रहें !

श्रीमती पूनम शर्मा

प्रधानाचार्या